


TOYOTA

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर प्राइवेट लिमिटेड

# 2022-23 संपोषणीयता रिपोर्ट

(संक्षिप्त रिपोर्ट)

**उत्कृष्टता प्रदान करना.**
**निरंतर. स्थाई.**

MY NEW HY
It's Awesome

# नेतृत्व से संदेश



वाहन उद्योग, दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन और ग्राहकों की बढती जरूरतों तथा प्राथमिकताओं जैसे कारकों के कारण एक अद्भुत परिवर्तन का अनुभव कर रहा है। भारत में टोयोटा ने अपनी स्थापना के बाद से ही ग्राहकों को रोमांचक अनुभव प्रदान करने तथा सुरक्षित और स्थाई गतिशीलता की सुविधा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण यात्रा के ज़रिए नेतृत्व का प्रदर्शन किया है, जो भारत के COP26 के लक्ष्यों और अन्य पहलों के अनुरुप है, चाहे वह 'ऊर्जा में आत्मनिर्भरता' हो या 'कौशल भारत' मिशन।

हमारा ध्यान, गतिशीलता के तीन प्रमुख स्तंभ - विद्युतीकरण, बुद्धिमत्ता और विविधीकरण के माध्यम से विकसित होने, एक वास्तविक गतिशीलता कंपनी बनने और 'कार्बन तटस्थता' को साकार बनाने के लिए सभी संभावित विकल्पों को अपनाने पर केंद्रित है।

इस दिशा में, हमने उन्नत, पर्यावरण के अनुकूल वाहन प्रौद्योगिकियों की व्यापक श्रृंखला प्रदान करने के लिए देश के ऊर्जा मिश्रण, बुनियादी ढांचे और उपभोक्ता स्वीकृति जैसे विभिन्न पहलुओं पर विचार करते हुए 'मल्टिपल पाथवे अप्रोच' को अपनाकर किसी को भी पीछे न छोड़ने के उद्देश्य से रणनीतिक प्राथमिकताएं निर्धारित की हैं। यह उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं है कि टोयोटा की "वैश्विक पर्यावरण चुनौती 2050" के तहत हमारे संपोषणीय लक्ष्यों में कठोर शमन योजनाएं और प्रमुख मेट्रिक्स निर्बाध रूप से अंतर्निहित हैं, जो हमारी जलवायु पारदर्शिता और तन्यकता / लचीलापन को बढ़ावा देती हैं।

इस वर्ष TKM की रजत जयंती है और हमने अब तक जो प्रगति हासिल की है, उस पर हमें बहुत गर्व है। एक निगमित संस्था के रूप में, हम शासन के उच्चतम मानकों का पालन करते हैं। टोयोटा वैश्विक जोखिम प्रबंधन मानक (TGRS) के अनुसार, हम नैतिकता और अखंडता के सिद्धांतों को बनाए रखते हुए पारदर्शिता को अपनी आधारशिला के रूप में प्राथमिकता देकर अपने संपोषणीय व्यवसाय को आगे बढाते हैं।

मैं, आने वाली पीढ़ी के लिए उपयुक्त विश्व निर्माण की दिशा में टोयोटा से हाथ मिलाने और उनके अनथक प्रयासों के लिए प्रत्येक हितधारक के प्रति अपना हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करता हूँ।

**- मसकाज़ु योशिमुरा**
प्रबंध निदेश एवं मु.का.अ.



सतत विकास लक्ष्यों में हमारे योगदान के माध्यम से राष्ट्रीय एजेंडा के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता "टोयोटा विज़न (दूरदृष्टि) 2050" में परिलक्षित होती है। पिछले कुछ वर्षों में, हमने जलवायु की उतार-चढाव भरी गतिशीलता, बदलते नियमों एवं ग्राहकों की बदलती ज़रूरतों को समझने के लिए अथक प्रयास किए हैं। इसी सीख ने सतत गतिशीलता की दिशा में हमें व्यावहारिक समाधान के ज़रिए निर्बाध रूप से रुपांतरण लाने में सक्षम बनाया है, जो "आत्मनिर्भर भारत", "बृहद् विद्युतीकरण" और "कार्बन तटस्थता" के राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हुए देश के ग्राहकों की जरूरतों और ऊर्जा मिश्रण / एनर्जी मिक्स को सर्वोत्तम रुप से पूरा करते हैं।


कार्बन तटस्थता की दिशा में हमारे प्रयासों का लक्ष्य संसाधन अनुकूलन, चक्रीय अर्थव्यवस्था, हमारे सभी कार्यों और मूल्य श्रृंखला में प्रकृति संरक्षण के माध्यम से हमारी प्रतिबद्धता, ठोस प्रभाव और अच्छी तरह से परिभाषित मैट्रिक्स पर निष्पादन को प्रदर्शित करता है। हम अपने मूल्य श्रृंखला भागीदारों को सक्रिय रूप से शामिल करते हैं और एक स्थायी समाज के निर्माण का समर्थन करने वाले पर्याप्त उपाय अपनाते हैं।

हम तकनीकी उपायों को फैलाने तथा डिजिटलीकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली क्षमता को अधिकतम स्तर तक बढ़ाने की दिशा में सचेत प्रयास करने में अग्र स्थान पर हैं ताकि ऐसे वाहनों का उत्पादन किया जा सके जो जुड़े हुए connected, सुलभ, समावेशी और चलाने के लिए सुरक्षित हों।

शिक्षा के क्षेत्र में हमारे प्रयासों ने युवाओं को उनकी पूरी क्षमता के साथ विकसित होने और उनकी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने में सहायता प्रदान की है। हम अपने कर्मचारियों की समग्र भलाई पर ध्यान केंद्रित करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि प्रत्येक सदस्य की राय और योगदान को यथोचित महत्व और सम्मान दिया जाए।

हमारा मानना है कि हमें एक संपोषणीय व्यवसाय का निर्माण करना चाहिए जो अकेले नहीं बढता बल्कि सभी के लिए विकास सुनिश्चित करता है। हम इस यात्रा में हमारा साथ देने के लिए अपने मूल्य श्रृंखला भागीदारों को धन्यवाद देते हैं और आश्वासन देते हैं कि हम उनके बहुमूल्य समर्थन के साथ आगे बढ़ते रहेंगे!

**- मानसी एन टाटा**
उपाध्यक्ष



जलवायु परिवर्तन की वास्तविकताएँ दुनिया भर में सुस्पष्ट और सर्वव्यापी होती जा रही हैं। एक संपोषणीयता-केंद्रित गतिशीलता समाधान प्रदाता के रूप में, टोयोटा ने एक अद्भुत लेकिन सुरक्षित और हरित सवारी के लिए बेहतर विकल्पों के साथ "सभी के लिए गतिशीलता" प्रदान करने का अथक प्रयास किया है। हम, टोयोटा पर्यावण चुनौती द्वारा समर्थित रणनीतिक दिशानिर्देश के साथ प्रगति में तेजी ला रहे हैं, एक बहु-पथीय दृष्टिकोण अपना रहे हैं, पहुंच पर जोर दे रहे हैं।

संपोषणीय विनिर्माण हमारी व्यावसायिक रणनीति का मूल तंत्र है; पर्यावरण का सम्मान करते हुए प्राकृतिक संसाधनों को इष्टतम बनाने वाले वाहन तैयार करना। हमने भारतीय उद्योग परिसंघ (CLL) द्वारा प्रदत्त 'ग्रीनको प्लेटिनम कंपनी' का खिताब हासिल करके सर्वोत्तम संपोषणीय प्रथाओं को अपनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है।

विविधता और समावेशन हमारा लक्ष्य रहा है, क्योंकि हम सक्रिय रूप से ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभा खोजते हैं, उन्हें उद्योग हेतु उद्यत बनाने के लिए प्रशिक्षण देते हैं तथा भारत सरकार की पहलों के साथ निर्बाध रूप से जुडते हैं। इस वर्ष, हमारे CSR प्रयासों ने UN के छह SDG को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जो "सभी के लिए सामूहिक खुशी" के व्यापक लक्ष्य हासिल करने की दिशा में सामाजिक प्रगति के लिए हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

हमारी डिजिटलीकरण पहल प्रमुख क्षेत्रों में दक्षता को फिर से परिभाषित कर रही है। इसके अतिरिक्त, हम नवीनतम समाधानों के लिए उद्योगों के साथ सक्रिय रूप से साझेदारी करते हैं और एक स्थायी, समृद्ध भविष्य के लिए अपने दृष्टिकोण के अनुरूप प्रौद्योगिकी-संचालित समाधान तैयार करने में 'मेक इन इंडिया' पहल का समर्थन करते हैं।

मैं अपने सभी भागीदारों का आभारी हूँ, जो सभी के लिए संपोषणीयता अंतर्निहित समाधान सृजित करने की इस यात्रा में हमारे साथ रहे हैं। जैसे-जैसे हम आगे देखते हैं, हम अपने योगदान को प्रबल बनाने और उपयुक्त विश्व निर्माण करने के लिए सभी के सहयोग से निरंतर संपोषणीयता आधारित पहल शुरु करने के लिए उत्साहित हैं।

**- सुदीप एस दल्वी**
वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं
मुख्य संचार अधिकारी

मुख पृष्ठ TKM की विभिन्न संपोषणीय पहलों का प्रतिबिंब है, जिसमें प्रत्येक तस्वीर और पहल सतत विकास लक्ष्यों (SDG) में TKM के महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाती है।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर प्राइवेट लिमिटेड के बारे में

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर प्राइवेट लिमिटेड (TKM) भारतीय वाहन उद्योग के अंतर्गत एक प्रमुख भागीदार है, जो एक प्रबल दृष्टिकोण एवं उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता से प्रेरित है। टीम टोयोटा इंडिया सुरक्षा, पर्यावरण, अर्थव्यवस्था और समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को बनाए रखते हुए उन्नत तकनीक और सेवाएँ प्रदान करने के लिए समर्पित है। इस समर्पण के माध्यम से, हमने भारतीय बाजार में एक विशिष्ट पहचान बनाई है, जो उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद और सेवाएँ प्रदान करने में हमारी अटूट प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध है।

## कंपनी का अवलोकन

**स्थापना वर्ष**
6 अक्टूबर 1997

**समनधिकृत हिस्सेदारी**
टोयोटा मोटर कॉर्पोरेशन : 89%

**कुल स्थापित उत्पादन क्षमता**
3,10,000 इकाइयाँ प्रति वर्ष

**कंपनी का पता**
बिडदी औद्योगिक क्षेत्र, रामनगर जिला, कर्नाटक

# उत्पाद पोर्टफोलियो

## टोयोटा

*Innova Crysta*



*Innova Hycross*



*Fortuner*



*Legender*



*Glanza*



*Urban Cruiser Hyryder*



*Hilux*



*Camry*



*FMC Vellfire*#*



## LEXUS

*ES*



*LC 500h**



*LS**



*LX**



*NX**



*RX**



*LM*#*



*Imported # Launched in August 2023

# संपोषणीयता की मुख्य विशेषताएं

31 मार्च 2023 तक (वित्त वर्ष 22-23 के लिए).

## पर्यावरण

**32.96** million kgs of $CO_2$ savings from sale of **33,107** units of self-charging hybrid vehicles sale in India*

**65,540.11** tons of $CO_2$ reduction through utilization of **100%** Renewable Energy

**95%** water demand met through recycled and rain water for production

Ecozone education program reached **30,019** school children

**~3,28,000** plants planted in TKM premises spread across **112.61** acres

* Includes Camry, Innova HyCross, and Urban Cruiser Hyryder

## सामाजिक

Over **14,000** students benefitted from Skill development & educational programs

**950** Sub Leaders developed from 160 Supplier Companies

**43,673** Supplier Partners trained by Sub Leaders

Smiles

**58,580+** Customers reached through Smiles Plus digital platform

**3,32,870** Community Members provided access to safe drinking water from **48 water purification units** installed in **297 villages**

**4,82,406** Students & Community Members reached through A Behavior Change Demonstration (ABCD) Programme

**63,150** Beneficiaries impacted through employee volunteering program

## वित्तीय

**2 million** cumulative wholesale units since our inception in India

Entered into an MOU with the Government of Karnataka to invest INR **4,100 Cr.** contributing towards the **"Make in India" mission**

# उत्तरदायी शासन

हमारे व्यावसायिक संबंध हमारे बुनियादी मूल्य - ईमानदारी, विनम्रता, सद्भाव, साहस, उत्तरदायित्व और आपसी विश्वास के बल पर आगे बढते हैं।

हमारी आचारण संहिता में उल्लिखितानुसार हमारे मार्गदर्शक सिद्धांत हमारे निर्णय लेने के केंद्र बिन्दु हैं। ईमानदारी और सत्यनिष्ठा हमारे कार्य वातावरण के आवश्यक मूल तत्व हैं। समस्याओं को सामने लाने और शिकायतों को दूर करने तथा कर्मचारियों को प्रतिशोध के डर के बिना अपनी समस्याओं को सामने लाने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए सर्वोच्च शासी निकाय द्वारा एक सशक्त "स्पीक-अप नीति" स्थापित और अनुमोदित की गई है।

### कानूनी अनुपालन और नैतिकता

"पूर्ण कानूनी अनुपालन और शून्य शिकायत" का हमारा उद्देश्य संपूर्ण कानूनी अनुपालन प्रबंधन प्रणाली द्वारा हासिल की गई है। हमारा लक्ष्य सभी लागू भारतीय कानूनी आवश्यकताओं के लिए 100% अनुपालन प्राप्त करना है तथा संबंधित नियामक प्राधिकरणों से सभी कानूनी सहमति प्राप्त की गई है।

### हितों का टकराव

सही काम करना और प्रतिबद्धताओं का पालन करना TKM के संचालन के लिए महत्वपूर्ण है। सभी TKM कर्मचारियों को ऐसे किसी भी रिश्ते, प्रभाव या गतिविधि से बचना चाहिए जो उनके काम करने की क्षमता को क्षीण कर सकती है, जो निष्पक्ष और वस्तुनिष्ठ निर्णय लेने की उनकी क्षमता को बिगाड़ सकती है या बिगड़ती हुई प्रतीत हो सकती है या उन्हें कंपनी के सर्वोत्तम हित में कार्य करने से रोक सकती है।

### आंतरिक नियंत्रण एवं लेखा-परीक्षा (Audit)

TKM ने कंपनी अधिनियम की आवश्यकता के अनुरूप एक प्रबल आंतरिक नियंत्रण प्रणाली (आईसीएस) स्थापित की है जो व्यवसाय के आकार और संचालन के अनुरूप है। प्रक्रियाओं और पद्धतियों को शामिल करते हुए, हम SOX और I F C लेखा-परीक्षा, आंतरिक लेखा-परीक्षा और अन्य-लेखा परीक्षा आयोजित करते हैं।

### शासी निकाय

बोर्ड की सभी समितियों को कानूनी और नियामक आवश्यकताओं के अनुरूप और अच्छे कॉर्पोरेट प्रशासन को बढ़ावा देने के लिए गठित किया जाता है।


Audit committee


CSR committee


Share committee

### जोखिम प्रबंधन

एक व्यापक, 3-स्तरीय संरचना – जो, जोखिम अवसंरचना, जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया और जोखिम श्रेणी को शामिल करते हुए अल्पकालिक, मध्यम और दीर्घकालिक स्तर पर जोखिमों के प्रभावी पहचान, निष्पादन और प्रबंधन सुनिश्चित करती है।

### संपोषणीयता हेतु दृष्टिकोण

हमारी संपोषणीयता रणनीति हमारे उद्देश्य, मूल्य, प्रभाव, प्रतिबद्धता, लक्ष्य और कार्यों का सम्मिश्रण है।

वैश्विक कार्यसूची के अनुरूप, हमने अपने व्यवसाय को UN सतत विकास लक्ष्यों ('UNSDG') के साथ जोड़ा है और 17 लक्ष्यों और विशिष्ट लक्ष्यों के अनुरूप अपने प ्रभाव का आकलन किया है।

### संपोषणीयता प्रबंधन

हमारा संपोषणीयता प्रबंधन जो सर्वोत्तम वैश्विक प्रथाओं पर आधारित है, हमें समाज और हमारे आसपास की दुनिया पर हमारी क्रियाकलापों के प्रभाव का उत्तरदायित्व लेने के लिए प्रेरित करता है। हमारे संस्थागत तंत्र, विशेष रूप से गठित बोर्ड स्तर की समितियों के नेतृत्व में संपोषणीयता कार्यसूची प्राप्त करने के लिए हमारे पथ का मार्गदर्शन करते हैं।

# हितधारकों की भागीदारी एवं विषयों की अहमियत

हम अपने हितधारकों के साथ प्रभावी और सक्रिय रूप से जुड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इन चर्चाओं से उभरने वाले विविध विषय और समस्याएँ सीधे संरचित भौतिकता प्रक्रिया में शामिल होती हैं, जिसे प्रबंधन द्वारा अनुमोदित किया जाता है और संपूर्ण हितधारक जोडण प्रक्रिया को सार्थक और प्रभावशाली बनाने के लिए समग्र व्यावसायिक रणनीति में एकीकृत किया जाता है। प्रमुख हितधारकों या 'विकास में भागीदार' को नियमित रूप से शामिल करने के महत्व को पहचानते हुए, इस वर्ष हमने विस्तृत 'विषयों की अहमियत का मूल्यांकन' और 'धारणा अध्ययन' का आयोजन किया।

## वित्त वर्ष 2022-23 के मूल्यांकन के दौरान पहचाने गए सामग्री विषय

| | |
|---|---|
| भ्रष्टाचार विरोधी | उत्पाद/वाहन सुरक्षा |
| प्रतिस्पर्धा-विरोधी व्यवहार | व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा |
| ब्रांड वैल्यू | विक्रेता रिश्ता |
| अनुपालन | सुपुर्दगी समय-सीमा |
| प्राकृतिक आपदाएँ | विविधता, समानता एवं समावेशिता |
| पर्यावरण निष्पादन (ऊर्जा प्रबंधन, जल उपयोग और पुनर्चक्रण, अपशिष्ट प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग, सामग्री दक्षता और पुनर्चक्रण | बाहरी हितधारक संपर्क |
| | ग्राहक संतुष्टि |
| | संपोषणीय स्रोत |
| सड़क सुरक्षा | डिजिटलीकरण |
| उत्पाद का एण्ड ऑफ लाइफ प्रबंधन | नवीकरणीय ऊर्जा |
| प्रचालन दक्षता और मापनीयता | वैकल्पिक ईंधन प्रौद्योगिकी |
| लागत प्रबंधन | पर्यावरणीय नियामक अनुपालन |
| उत्पाद निष्पादन एवं नवोत्पाद रणनीति | प्राकृतिक आवास/जैव विविधता का संरक्षण |
| नए उत्पाद लॉन्च और लाइन-अप | सामुदायिक विकास |
| प्रतिस्पर्धी उत्पाद पेशकश | मूल्य श्रृंखला में उत्सर्जन |
| बाजार में उपस्थिति | एण्ड ऑफ लाइफ वाहन प्रबंधन |
| लाभदायक आर्थिक विकास | वाहन उपयोग उत्सर्जन |

# आर्थिक निष्पादन

वाहन क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलाव के साथ, हमने टोयोटा उत्पादों और सर्वीसेस को पहले से कहीं अधिक सुलभ बनाने के लिए नवप्रवर्तन किया है। हमने बाजार से अतिबृहत माँग देखी है और हमारे वर्ष के वित्तीय निष्पादन इसका प्रमाण है।

(रुपए करोड़ में)

| वित्तीय स्थिति | 2022-23 | 2021-22 | 2020-21 | 2019-20 |
|---|---|---|---|---|
| **आर्थिक मूल्य - उत्पन्न, वितरित और बनाए रखना** | | | | |
| आय (मुख्य व्यावसायिक क्षेत्रों के माध्यम से) | 3,37,337 | 1,95,634 | 1,31,818 | 1,56,662 |
| अन्य आय (अन्य स्रोतों के माध्यम से) | 2,881 | 2,018 | 2,232 | 3,520 |
| **कुल** | **3,40,218** | **1,97,652** | **1,34,049** | **1,60,182** |
| अन्य व्यय | 3,07,322 | 1,78,759 | 1,23,969 | 1,45,525 |
| कार्मिक व्यय (मजदूरी + लाभ) | 13,040 | 11,295 | 10,126 | 11,063 |
| ब्याज प्रभार | 993 | 446 | 398 | 361 |
| सामुदायिक विकास/CSR निवेश | 131 | 101 | 164 | 196 |
| कुल व्यय | 3,21,486 | 1,90,600 | 1,34,657 | 1,57,145 |
| कर पूर्व शुद्ध लाभ | 18,732 | 7,052 | 608 | 3,038 |
| **लाभ योजना में योगदान** | | | | |
| भविष्य निधि एवं अन्य निधियों में योगदान | 858 | 809 | 706 | 724 |
| कर्मचारी कल्याण व्यय | 1,853 | 970 | 930 | 1,039 |
| **सरकार से प्राप्त महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता** | | | | |
| प्रोत्साहन - बिक्री कर स्थगन (टिप्पणी) | - | - | 1,985* | - |

*सरकार से वापसी योग्य ब्याज मुक्त बिक्री कर ऋण

**कर निर्धारण दृष्टिकोण:** अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं सहित संबंधित पक्षों के साथ लेन-देन, लागू नियमों के अधीन सख्त अनुपालन किए जाते हैं।

# पर्यावरण संरक्षण

**पर्यावरण नीति :** हमारी पर्यावरण नीति ने हमारे पहलों को आगे बढ़ाने और इच्छित परिणामों को साकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। [और अधिक जानकारी के लिए toyotabharat.com/toyota-in-india/environment पर पढ़ें।]

**पर्यावरण उप-समितियाँ :** TKM ने पर्यावरण प्रबंधन जिम्मेदारियों को वितरित करने और प्रमुख केंद्र बिंदुओं का समाधान करने में बहु विषयक सहयोग को प्रोत्साहित करने हेतु पर्यावरणीय उप-समितियों की स्थापना की है।




## चुनौती 1

**नया वाहन शून्य CO2 उत्सर्जन चुनौती**




हम अधिक पर्यावरण-अनुकूल और किफायती विकल्पों की सीमा को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे भारतीय उपभोक्ताओं की विभिन्न प्रकार की गतिशीलता संबंधी आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके तथा 2050 तक नए वाहनों से औसत GHG उत्सर्जन के लिए कार्बन तटस्थता हासिल किया जा सके।

### भारत में प्रमुख विकास

- Camry सेल्फ-चार्जिंग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों की कुल 6,835 इकाइयाँ बेची गईं, जिसके परिणामस्वरूप मार्च 2023 तक कुल 29.12 मिलियन किलोग्राम $CO_2$ (ICE Camry की तुलना में) की बचत हुई।
- मार्च 2023 तक Hycross और Hyryder सहित कुल 26,272 हाइब्रिड वाहन बेचे गए हैं, जो समतुल्य ICE Hycross और Hyryder वाहनों की तुलना में 38.4 लाख किलोग्राम $CO_2$ की बचत में योगदान देते हैं।

## कार्बन तटस्थता की ओर

भारत में स्थायी जैव ईंधन के रूप में इथेनॉल के उपयोग को बढ़ावा देने और जागरूकता पैदा करने के लिए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (TKM) ने भारतीय चीनी मिल एसोसिएशन (IMMA) के साथ समझौता ज्ञापन (MOU) का आदान-प्रदान किया।

TKM ने अपनी दो बहुप्रतीक्षित वेरिएंट- The Toyota Glanza एवं The Urban Cruiser Hyryder के लिए CNG वेरिएंट के साथ CNG सेग्मेंट में पादार्पण किया।

## केस स्टडी: Lexus की संपोषणीयता यात्रा

प्रत्येक Lexus को सतत विकास के सिद्धांतों के आधार पर तैयार किया गया है। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना प्राकृतिक रूप से उपलब्ध सामग्री से वाहन के विभिन्न भागों को बनाया जाता है।

Lexus ने उद्योग का पहला बैंबू चारकोल स्पीकर विकसित किया। लगेज कम्पार्टमेंट ट्रिम, पुनर्नवीनीकृत प्लास्टिक से बना है। अरंडी के बीजों से लेकर बायोडीग्रेडेबल गन्ने तक, हम हमेशा संपोषणीय सामग्री डिज़ाइन के दायरे को आगे बढ़ा रहे हैं।

Lexus **डिज़ाइन अवार्ड इंडिया :** LDAI ने पिछले 5 वर्षों में 2,000 से अधिक प्रविष्टियां देखी हैं. LDAI के 2023 एडिशन को बेहतर कल के लिए डिज़ाइनों को संपोषित करने और प्रोत्साहित करने हेतु लगभग 1100 से अधिक प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई हैं।

**प्रकृति विद्युतीकृत अभियान :** डिज़ाइन, प्रकृति से प्रेरित बनावट, रंग और रूपों को शामिल करते हुए, प्रकृति के पांच तत्वों को एकीकृत करने पर आधारित है, जो पृथ्वी के ग्राउंडिंग गुणों, पानी की अनुकूलन क्षमता, आकाश की स्वच्छन्दता तथा सूर्य की रूपांतरणकारी ऊर्जा को प्रदर्शित करते हैं ताकि हमें एक बेहतर कल सृजित करने के लिए विद्युतीकृत और प्रेरित किया जा सके।

**Lexus फॉरेस्ट-ग्रो ट्रीज़ :** Lexus इण्डिया ने पारिस्थितिकी तंत्र का समर्थन करने और कार्बन तटस्थता प्राप्त करने के Lexus के वैश्विक दृष्टिकोण का समर्थन करने हेतु भारत में अपनी शुरुआत के बाद से यानि वर्ष 2017 में ग्रो ट्रीज़ के साथ भागीदारी की। पूरे भारत में Lexus कार मालिकों के नाम पर 40 हज़ार से अधिक पेड़ लगाए गए हैं।

## हरित आपूर्ति श्रृंखला

एक सुरक्षित और स्थाई आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने के लक्ष्य के साथ, हमने "हरित क्रय दिशानिर्देश", NSER और आपूर्तिकर्ता विकास कार्यक्रम जैसे विभिन्न उपायों को लागू किया है। हमारा प्रबल जोखिम प्रबंधन ढाँचा, आपूर्ति श्रृंखला से संबंधित जोखिमों को शीघ्र पहचानने और उन्हें घटाने पर ध्यान केंद्रित करता है।

**हमारे टियर-1 आपूर्तिकर्ता भागीदारों में से 65% ने नवीकरणीय ऊर्जा की शुरुआत की है और 973 हजार टन के निर्धारित लक्ष्य की तुलना में 960 हजार टन $CO_2$ में कमी हासिल की है।**



## इको डीलरशिप

हमने "मॉडल इको डीलर प्रोग्राम" की स्थापना की है, जिसके तहत हमारे सभी डीलर भागीदारों को पर्यावरण नियमों का अनुपालन करना और टोयोटा पर्यावरण चुनौती 2050 के अनुरूप पहल करना आवश्यक है।

**$CO_2$ में कमी**

**वित्त वर्ष 2022 में 9.74 किलोग्राम $CO_2$/कार सर्विस के लक्ष्य की तुलना में 8.01 किलोग्राम $CO_2$/कार सर्विस।**

## हरित माल परिवहन

हम माल परिवहन गतिविधियों के पर्यावरणीय प्रभावों के प्रति सचेत हैं और सक्रिय रूप से सुधार के अवसरों को खोजते हैं।

WRPC में CNG ट्रक की शुरुआत और IJL द्वारा NRPC को सीधे प्रेषण जैसे सड़क माल परिवहन में लागू किए गए विभिन्न Kaizen (निरंतर सुधारों) के परिणामस्वरूप, वर्ष के दौरान, हमने 381 टन के लक्ष्य को पार करते हुए 456 टन $CO_2$ उत्सर्जन में कमी हासिल की।

## विनिर्माण माल परिवहन

साथ-साथ, पारंपरिक ईंधन पर हमारी निर्भरता को कम करने और वायु प्रदूषण को घटाने हेतु वैकल्पिक ईंधन विकल्पों की खोज हेतु हम प्रयासरत हैं। हमने दिल्ली, पुणे और बेंगलूरु क्षेत्र में CNG ट्रकों की शुरुआत की हैं, जिसके परिणामस्वरूप $CO_2$ उत्सर्जन में 1.27 कि.ग्रा./प्रति वाहन कमी आई है, जिससे रिपोर्टिंग वर्ष में 179 टन $CO_2$ की कुल कमी हुई है।

**वर्ष 2022-23 के दौरान, विनिर्माण स्थान से उत्तरी क्षेत्र तक वाहनों के परिवहन के लिए रेल सेवाओं के उपयोग के परिणामस्वरूप $CO_2$ उत्सर्जन में 15 किलोग्राम/वाहन कमी आई है, जिससे 2,645 टन $CO_2$ की कुल कमी हुई है।**

### केस स्टडी : परिवहन के लिए ट्रैक्टरों का उपयोग करना

एक नए मॉडल के लिए बंपर का परिवहन, जो आकार में थोड़ा बड़ा था के लिए बड़े आकार के पैलेटों की डिज़ाइनिंग की आवश्यकता थी जो बंपरों को एक साथ रखे। मुड़ा को प्रचालन में प्रवेश कराकर, बड़े आकार के पैलेट तैयार किए गए, लेकिन इससे परिवहन बेड़े का आकार बढ़ गया क्योंकि पैलेट को ढेर नहीं किया जा सकता था और ऊर्ध्वाधर ऊंचाई का उपयोग करना एक चुनौती बन गई थी। चुनौती को दूर हेतु पारंपरिक ट्रकों का उपयोग करने के बजाय, बंपर पैलेट ले जाने वाले ट्रेलर को खींचने के लिए टो ट्रकों [ट्रैक्टरों] का उपयोग किया गया। इसके परिणामस्वरूप वित्त वर्ष में 26 मीट्रिक टन प्लास्टिक कचरे में कमी आई।

## निर्यात माल परिवहन

पर्यावरण गतिविधि के अंग के रूप में, उपयोग की जाने वाली पैकेजिंग सामग्री की खपत में कमी लाने हेतु आयातकों की स्वीकृति के साथ विभिन्न Kaizen (निरंतर सुधार) लागू किए गए।

वर्ष के दौरान, हमारे प्रचालन में कुल पैकेजिंग सामग्री [IBT और T1B स्टील कंटेनर्स] का 47% पुनः उपयोग किया गया।

**प्लास्टिक कचरे में 2.8 टन की कुल कमी, जो वर्ष के लिए 2.1 टन के लक्ष्य पार कर गई**


# चुनौती 3

**संयंत्र शून्य $CO_2$ उत्सर्जन की चुनौती**

टोयोटा 2050 तक कार्बन तटस्थता के लिए प्रतिबद्ध है और इसका लक्ष्य 2035 तक विनिर्माण संचालन कार्यों में निवल शून्य कार्बन के स्तर को प्राप्त करना है।

## ऊर्जा खपत

**लेडिफिकेशन, BLDC Fan, HVLS के माध्यम से वेंटिलेशन के परिणामस्वरूप 14.1 करोड़ रुपये के निवेश के साथ $CO_2$ में 7,094 टन की कमी आई है।**





## हरित ऊर्जा

विशेष रूप से TKM को भेजी जाने वाली इस हरित ऊर्जा के उत्पादन के साथ, इसकी कुल अभिग्रहित हरित ऊर्जा की मात्रा 53.4 मेगावाट है।

**जून 2021 से TKM 100% नवीकरणीय ऊर्जा (ग्रिड बिजली में) की प्राप्ति कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 22-23 के दौरान $CO_2$ में 65,540.11 टन की कमी आई है।**

## GHG उत्सर्जन

हम अपने GHG में कमी के लक्ष्यों को टोयोटा की दूरदृष्टि 2050 के अनुरूप निर्धारित करते हैं तथा पुनर्नवीनीकरण व पुनः प्रयोज्य सामग्री के उपयोग में वृद्धि, ईंधन की खपत को घटाने के साथ-साथ हरित ऊर्जा के उपयोग में वृद्धि जैसे विभिन्न उपायों को कार्यान्वित करके अपने निष्पादन में सुधार बनाए रखते हैं। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए हमारा दायरा 1 उत्सर्जन 12,709टन है और दायरा 2 उत्सर्जन 459 टन है।




## VOC (वाष्पशील कार्बनिक यौगिक पदार्थ) उत्सर्जन

हम सक्रिय रूप से अपने VOC उत्सर्जन को माप रहे हैं और इसे कम करने के लिए पर्याप्त उपाय कर रहे हैं। जबकि VOC उत्सर्जन के लिए कोई अनिवार्य कानून नहीं है, यह पेंटिंग प्रक्रिया से VOC उत्सर्जन को कम करने के लिए टोयोटा की वैश्विक पर्यावरण नीति का एक हिस्सा रहा है।

वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान हमारा VOC उत्सर्जन, कार के धातु फ्रेम से 34.44g / m 3 और बम्पर से 520.01g / m 3 है।

## ODS और अन्य उत्सर्जन

**ODS :** हमने R-22 और R-410 जैसे कूलिंग गैसों की खपत को कम करने हेतु दिशानिर्देश कार्यान्वित किया है। रिपोर्टिंग वर्ष के लिए R-32 की हमारी खपत 26.5 किलोग्राम है।

**अन्य उत्सर्जन :** मानकों द्वारा विनिर्दिष्ट सभी मानदंडों के अनुपालन हेतु सभी विनिर्माण स्थलों पर नियमित रूप से उत्सर्जन की निगरानी की जाती है, उपयुक्त वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरण स्थापित किए जाते हैं और परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों (AAQS) के नियमों का पालन किया जाता है।

वर्ष के दौरान हमारी कूलिंग गैस R-22, R-410 और R-32 की खपत क्रमशः 147, 128.5 और 26.5 किलोग्राम है. NOx, SOx और कणाकार तत्वों का उत्सर्जन क्रमशः 5.7, 5.63 और 151.58/A है।

# चुनौती 4

## पानी के उपयोग को न्यूनतम और इष्टतम बनाने की चुनौती


हमारी संपूर्ण जल खपत का 79% पुनर्चक्रित और वर्षा जल के माध्यम से पूरा किया जाता है, जिसमें ताजा जल हमारी संपूर्ण जल खपत का केवल 21% है।

रिपोर्टिंग वर्ष के लिए, विनिर्दिष्ट ताजे पानी की खपत 0.26m3/vehicle है।

तृतीय-पक्ष जलविज्ञान अध्ययन का निष्कर्ष यह सूचित करता है कि वर्षों से TKM परिसर के भीतर औसत भूजल स्तर में बदलाव एक सकारात्मक प्रवृत्ति का संकेत देते हैं। विनिर्दिष्ट रूप से, मई-जून 2022 के मानसून पूर्व मौसम के दौरान, दर्ज किया गया स्तर 25.8, फुट था, जबकि नवंबर-दिसंबर 2022 के मानसूनोत्तर मौसम में, यह 16.1 फुट मापा गया।

**उत्पादन के लिए 95% पानी की खपत, पुनर्नवीनीकरण और वर्षा के जल के माध्यम से की जाती है।**

वित्त वर्ष 22-23 के लिए उत्पादन में जल की खपत (%)




# चुनौती 5

## पुनर्चक्रण आधारित समाज और प्रणालियों की स्थापना की चुनौती

### संसाधन अनुकूलन

हमारे दो प्राथमिक कच्चे माल, इस्पात और पेंट हैं, जिनकी न्यूनतम बर्बादी के साथ कुशल उपयोग सुनिश्चित करने के लिए गहन निगरानी की जाती है। पेंटिंग प्रक्रिया के दौरान हम कुछ मात्रा में थिन्नर का भी उपयोग करते हैं। हमारे इस्पात और पेंट की खपत को कम करने के लिए कई पहल की गई हैं। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान, इस्पात की खपत 297.5 किलोग्राम/वाहन थी तथा कुल पेंट की खपत 21.30 किलोग्राम/वाहन थी।

**कुल थिन्नर खपत का 57% पुनर्नवीनीकरण किया जाता है।**

### मूल्य प्रबंधन

"स्रोत पर कचरे के पृथक्करण और उत्तरदायीपूर्ण प्रबंधन" को सख्ती से कार्यान्वित कर, हम 'लैंडफिल के लिए शून्य अपशिष्ट' कंपनी बनने के लिए प्रयासरत हैं।

**पुनर्चक्रण अपशिष्ट (MT/A)**

24,468.13

**गैर-पुनर्चक्रण अपशिष्ट (MT/A)**

1,197.43

### एण्ड-ऑफ-लाइफ वाहन प्रबंधन

हम, उत्पाद जीवन चक्र के सभी चरणों पर अपने प्रभावों को कम करने की दिशा में अपने प्रयासों को इष्टतम बनाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। इस क्रम के तहत, हमने दो महत्वाकांक्षी परियोजनाएं निर्धारित की हैं - टोयोटा ग्लोबल 100 डिसमेंटलर्स प्रोजेक्ट और टोयोटा ग्लोबल कार-से-कार रीसायकल प्रोजेक्ट. TKM परिसर एण्ड-ऑफ-लाइफ वाहनों की 96% पुनर्चक्रण क्षमता को सुनिश्चित करता है।

### केस स्टडीः स्क्रैप (रद्दी माल) का पुनः उपयोग करते हुए चक्रीय अर्थव्यवस्था की ओर

ये निर्माता Knuckle असेंबली, Axle असेंबली, कैलीपर ब्रैकेट और स्टिफ़नर प्लेट जैसे आवश्यक सब-असेंबली को बनाने के लिए पुनर्नवीनीकृत स्क्रैप के साथ नई सामग्री को कुशलतापूर्वक जोड़ते हैं। तदनन्तर इन पुर्जों को TKM को आपूर्ति की जाती है, जिन्हें Innova HyCross, Innova Crysta, Fortuner और Hilux में असेंबल किया जाता है। बैटरी स्क्रैप (सभी पुर्जों) को सर्कुलर इकोनॉमी पहल के अंग के रूप में संपूर्णत: पुनर्नवीनीकरण किया जाता है।

**सभी उल्लिखित पुर्जों को 100% (संपूर्ण रूप से) प्रेस शॉप में TKM स्टील स्क्रैप से प्राप्त पुनर्नवीनीकृत इस्पात से बनाया जाता है।**

वित्त वर्ष 22-23 के दौरान पुनर्नवीनीकृत

| उत्पाद | पुनर्नवीनीकृत इस्पात की मात्रा (किलोग्राम/वाहन) | उत्सर्जन - CO2 में कमी (किलोग्राम/वाहन) |
|---|---|---|
| Innova HyCross | 28.92 | 51.48 |
| Fortuner | 60.02 | 52.30 |
| Innova Crysta | 29.38 | 106.84 |
| Hilux | 2.42 | 4.31 |

# चुनौती 6

**प्रकृति के अनुरूप भावी समाज की स्थापना की चुनौती**

पर्यावरण संरक्षण एवं सुरक्षा हमारे डीएनए DNA का हिस्सा है।

## टोयोटा ग्रीन वेव परियोजना

TKM में बड़े पैमाने पर वनीकरण कार्यक्रमः टोयोटा एशिया पेसिफिक अफिलिएट्स से संबद्ध संस्थाओं के बीच 'प्रकृति के साथ सद्भाव में मॉडल संयंत्र' बनने के हमारे प्रयास में, हमने मियावाकी अवधारणा के अनुरूप कई वृक्षारोपण और बड़े पैमाने पर वनीकरण गतिविधियों की शुरूआत की हैं। वनीकरण गतिविधियों के परिणामस्वरूप पौधों से 4,826.69 टन कार्बन का पृथक्करण हुआ [संग्रहीत कार्बन : 1,033.55 टन और आत्मसात कार्बन : 3,793.14 टन], मियावाकी से 30.86 टन/एकड़ और पारंपरिक वृक्षारोपण से 8.45 टन/एकड़। वर्तमान में, हमारे परिसर के अंदर 100 एकड़ से अधिक भूमि को देशी प्रजातियों के साथ वनीकरण के तहत कवर किया गया है।

## टुडे फॉर टुमॉरो (TFT)

TFT कार्यक्रम विशिष्ट जैव विविधता से संबंधित मुद्दों को संबोधित करने वाली परियोजनाओं की स्थापना के लिए IUCN और CII-IBBI सहित विभिन्न संरक्षण केंद्रित संगठनों के सहयोग से TKM के बाहर बड़े पैमाने पर संरक्षण गतिविधियों पर केंद्रित है।

## जैव विविधता मूल्यांकन अध्ययन

बेंगलूर विश्वविद्यालय के सहयोग से, TKM ने एक गहन जैव विविधता मूल्यांकन अध्ययन किया, जिसका उद्देश्य TKM के अंदर और बाहर जैव विविधता का मानचित्रण करना था। समय के साथ जैव विविधता में हुए सुधार को समझने के लिए अध्ययन में अवलोकन के तहत विभिन्न पहलुओं के संबंध में सूक्ष्मतम विवरण दर्ज किए गए हैं। मार्च 2023 तक, वनस्पतियों की 790 से अधिक विभिन्न प्रजातियाँ तथा जीवों की 280 से अधिक प्रजातियाँ थीं। वनस्पति और जीवों की प्रजातियाँ।


**रिपोर्टिंग वर्ष में, हमने अपने कर्मचारियों, आपूर्तिकर्ताओं और समुदाय के सदस्यों को लगभग 11,785 पौधे वितरित किए।**

## देशी जैव विविधता का संरक्षण

हमारा अत्याधुनिक पर्यावरण शिक्षा केंद्र - 25 एकड़ में फैला पारिस्थितिकी क्षेत्र, पौधों की 650 से अधिक विभिन्न प्रजातियों का आवास रहा है। जीव प्रजातियों के लिए एक सुरक्षित आवास बनाया गया है, जिसमें 4 RET पक्षी-प्रजातियां - ब्लैक-हेडेड आइबिस, इंडियन रिवर टर्न तथा ओरिएंटल डार्टर बर्ड शामिल हैं। एक नया सदस्य-पेंटेड स्टॉर्क को जोड़ा गया है, जिसका परिवार प्रवसन के मौसम में आता है।

यह ध्यान दिया गया है कि जैव विविधता में सुधार के लिए TKM की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए पिछले कुछ वर्षों में प्रत्येक श्रेणी में प्रजातियों की संख्या में वृद्धि हुई है।

वनस्पति और जीव प्रजातियाँ (मार्च 2023 तक)



## सतत विकास के लिए शिक्षा

हमने एक इकोज़ोन की स्थापना की है - एक अनुभवात्मक पर्यावरण शिक्षण केंद्र, जो लोगों को हमारी वर्तमान जीवन शैली के पर्यावरण को प्रभावित कर रहे तरीकों के बारे में संवेदनशील बनाने में हमें सक्षम बनाया है। विचारपूर्वक विकसित ऑफ़लाइन और ऑनलाइन प्रशिक्षण मॉड्यूल, प्रशिक्षार्थियों को ज्ञान साझाकरण सत्रों में सक्रिय रूप से शामिल रखने में मदद करते हैं।

पूरे कार्यक्रम का उद्देश्य आगंतुकों के बीच व्यावहारिक परिवर्तन लाना है, जो प्रकृति के साथ सद्भाव से समाज निर्माण का उत्तरदायित्व निभाते हैं। आयोजित किए गए कई कार्यक्रमों में निम्न शामिल हैं:

- विषय विशेषज्ञों द्वारा कर्मचारियों के लिए बाहरी प्रशिक्षण।
- कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्यों के लिए इकोज़ोन संबंधी प्रशिक्षण।
- नव नियुक्त कर्मचारियों के लिए प्रवेश प्रशिक्षण।
- स्कूली बच्चों के लिए इकोज़ोन संबंधी प्रशिक्षण।
- मास्टर प्रशिक्षकों के द्वारा टीम के सदस्यों के लिए इकोज़ोन संबंधी प्रशिक्षण।
- पर्यावरण के प्रति कर्मचारी स्वयंसेवी क्रियाकलाप।
- स्मारक दिवसों द्वारा जागरूकता।

**इकोज़ोन शिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से हमने अब तक 30,019 तथा वित्त वर्ष 22-23 के दौरान 10,050 स्कूली बच्चों तक पहुँच चुके हैं।**





## सतत विकास के लिए शिक्षा

TKM वित्त वर्ष 2009 में मियावाकी वनरोपण विधि शुरु करने वाली भारत की पहली कंपनी है, जब डॉ. अकीरा मियावाकी के मार्गदर्शन में 5,600 विभिन्न हितधारकों को शामिल करते हुए 2 घंटे की अवधि में 32,500 से अधिक पौधे लगाए गए थे।

**इस अवधारणा का उपयोग करते हुए लगभग 20 एकड़ हरित पट्टी क्षेत्र विकसित किए गए और 50 से अधिक प्रजातियों के लगभग 250 हजार पौधे लगाए गए।**

### लाभ

मियावाकी वृक्षारोपण विधि के माध्यम से **30 टन/एकड़** $CO_2$ पृथक्करण किया गया, जबकि वर्ष 2009-2019 के दौरान पारंपरिक गड्ढे विधि (8 टन/एकड़) के ज़रिए **4,826.7 टन $CO_2$** पृथक्करण किया गया था।

## केस स्टडी : सरकारी औज़ार कक्ष एवं प्रशिक्षण केन्द्र (GTTC), मद्दूर

पूरे कर्नाटक में 31 GTTC की उल्लेखनीय उपलब्धता के साथ, यह कार्यक्रम शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच दूरी को मिटाने में सहायक रहा है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (TKM) ने वर्तमान में 11 GTTC के साथ भागीदारी की है और वित्त वर्ष 2023-24 में अपनी पहुंच को 16 तक बढ़ा दी है।

TKM ने वर्ष 2021-22 में GTTC, मद्दूर में इको-पार्क स्थापित करके एक सक्रिय कदम उठाया है।

यह हरा-भरा उद्यान लगभग 5000 वर्ग फुट में फैला हुआ है और यह स्थाई प्रथाओं के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

कॉलेज के छात्र, GTTC संकाय के सहयोग से, इस हरित आश्रय को सावधानीपूर्वक बनाए रखने के लिए प्रतिदिन 45 से 60 मिनट का समय देते हैं। जैव विविधता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के साथ, TKM ने पहले से ही नौ GTTC कॉलेजों में इको-पार्क स्थापित कर चुके हैं।





**"GTTC ज्ञान का एक अमूल्य स्रोत रहा है, जिसने मुझे गियर सिद्धांत, सुरक्षा, गुणवत्ता, लागत, पर्यावरण और अपशिष्ट प्रबंधन में कौशल प्रदान किया है। ऊर्जा और पानी की खपत के माध्यम से औद्योगिक सुरक्षा, वाहन की गुणवत्ता और पर्यावरण संरक्षण में मैंने जो अंतर्दृष्टि प्राप्त की है, वह न केवल मेरे वृत्तिक जीवन के लिए है, बल्कि मेरे व्यक्तिगत जीवन को भी समृद्ध किया है। मैं अपनी सफलता का अधिकांश श्रेय GTTC द्वारा प्रदान किए गए मार्गदर्शन और समर्थन को देता हूँ।**

जीवन एन. एल., असेंबली फिट्टर, P2 QC, स्नातक-GTTC, मद्दूर

# अन्य पहल

## ग्रीनको पुरस्कार

TKM ने अपने प्रमुख कार्यक्रम 'ग्रीनको शिखर सम्मेलन 2023' में भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) द्वारा प्रदान की गई 'ग्रीनको प्लेटिनम कंपनी' की उपाधि को प्राप्त करके सर्वोत्तम स्थायी प्रथाओं को अपनाने की एक मजबूत लक्ष्य का प्रदर्शन किया है।




## पर्यावरण माह

इस वर्ष, UNEP के निदेश के साथ "प्लास्टिक प्रदूषण के उपाय" तैयार करने हेतु, टोयोटा ने "सीखें और चर्चा करें" के माध्यम से कार्बन तटस्थता के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया और उन्हें "हमारी भावी पीढ़ियों के लिए एक सुंदर गृहनगर सृजित करने" के उद्देश्य से कार्यस्थल में लागू किया।

हमारा दृष्टिकोण एक सार्थक प्रभाव उत्पन्न करना है, जिसके लिए निगमों, व्यक्तियों और समाजों को संवेदनशील बनाना, सहयोग देना और उन तक पहुँचना है।

### पर्यावरण माह सारांश

| | आपूर्तिकर्ता | माल परिवहन | विनिर्माण | विक्रेता |
|---|---|---|---|---|
|  $CO^2$ में कमी | 5.19 K Tons/month | 10.86 Tons/month | 0.813 Per Vehicle | 356 Tons/month |
|  हटाए गए प्लास्टिक (प्रति माह) | 52.6 Tons | 300 Kgs | 42 Tons | 54.9 Plastic bottles |



**पौधे लगाए गए**

12,840

# हमारे लोग, हमारा गौरव

| 5,612 | 4,977 | 4,274 | 2,149 | 40.71 | 1.82 |
|---|---|---|---|---|---|
| स्थाई कर्मचारी | स्थाई कर्मचारी के अलावा अन्य | नव नियुक्त कर्मचारी | कर्मचारी टर्नओवर | नव नियुक्त की दर (प्रशिक्षार्थियों सहित) | नव नियुक्त की दर (प्रशिक्षार्थियों को छोडकर) |

## कर्मचारी वितरण और कल्याण

हम अपने कर्मचारियों और श्रमिकों दोनों को विभिन्न प्रकार के लाभ प्रदान करते हैं, जिसमें मृत्यु की स्थिति में जीवन बीमा/क्षतिपूर्ति पैकेज, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य देखभाल, विकलांगता और अपाहिज होने पर कवरेज, पैतृक छुट्टी, सेवानिवृत्ति प्रावधान, स्टॉक स्वामित्व के साथ हमारे कर्मचारियों और श्रमिकों दोनों के लिए डे-केयर सुविधाओं तक पहुंच शामिल हैं। वित्त वर्ष 22-23 के दौरान, 5,426 कर्मचारियों में से 472 ने प्रसूति/पैतृक छुट्टी का लाभ उठाया है और काम पर वापस लौट आए हैं।

**संघ के साथ हमारा जुड़ाव :** पिछले रिपोर्टिंग वर्ष में, हमने वित्त वर्ष 22-24 के लिए संघ के साथ चर्चा की और समझौता किया। महत्वपूर्ण परिवर्तनों के संदर्भ में, कानून के अनुसार कर्मचारियों को न्यूनतम 3 सप्ताह की सूचना अवधि प्रदान की जाती है।

**हमारे 100% कर्मचारी (कुल कर्मचारियों का 59.70%) संगठन की स्वतंत्रता एवं सामूहिक सौदेबाजी का प्रयोग करते हैं।**

**मानवाधिकार :** TKM में मानवाधिकार, आचार संहिता और सेवा नीति दिशानिर्देशों का हिस्सा है। टीम के सदस्यों और सहयोगियों की चयन प्रक्रिया के दौरान मानवाधिकार मूल्यांकन किया जाता है।

**विविधता, समानता और समावेश :** संयुक्त राष्ट्र संपोषणीय विकास लक्ष्यों (SDG), विशेष रूप से SDG 5 (लैंगिक समानता) और SDG 8 (सभ्य कार्य और आर्थिक विकास) तथा महिलाओं के लिए अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने की अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन 2030 कार्यसूची के अनुरूप, TKM ने अपनी विचारशील रूप से तैयार की गई विविधता, समानता और समावेश (DEI) गतिविधियों की शुरुआत की है।

TKM ने 2030 तक 22% महिला कर्मचारियों को काम पर रखने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जबकि वर्तमान में यह 2% है।

## ज्ञानार्जन एवं विकास

हमारी दूरदृष्टि "सभी हितधारकों के बीच प्रतिस्पर्धात्मक मानव संसाधन विकसित करते हुए एक ज्ञानार्जन संगठन सृजित करना है और इस तरह व्यावसायिक संपोषणीयता में योगदान प्रदान करना है।"

**ज्ञानार्जन आवश्यकताओं का मूल्यांकन :** कौशल अंतराल को मिटाने के उद्देश्य से, ज्ञानार्जन आवश्यकताओं का मूल्यांकन वर्ष में एक बार किया जाता है। वर्ष की शुरुआत में वार्षिक योजना की सूचना दी जाती है, जिसमें महीने-वार और दिन-वार विवरण शामिल होते हैं, जिससे प्रत्येक पर्यवेक्षक और कर्मचारी को अपने प्रशिक्षण की योजना बनाने में सहायता मिलती है।

**प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रकार :** प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मोटे तौर पर निगमित कार्यक्रमों और कार्यात्मक प्रशिक्षणों में वर्गीकृत किया जाता है। कॉर्पोरेट प्रशिक्षण में मूल संगठन (टोयोटा मोटर कॉर्पोरेशन, जापान), क्षेत्रीय मुख्यालय (टोयोटा दाइहात्सु इंजीनियरिंग एण्ड मैनुफैक्चरिंग) तथा TKM के आवश्यकता-आधारित कार्यक्रम शामिल हैं। कक्षा प्रशिक्षण, डिजिटल लर्निंग और ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण का एक संयोजन, सीखने का सर्वोत्तम अनुभव प्रदान करता है। सभी स्तरों पर फैले 20,279 कर्मचारियों ने विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिसमें कुल 3,75,452 प्रशिक्षण घंटे शामिल थे।

**प्रशिक्षण प्रभावशीलता एवं ज्ञानार्जन के निष्पादन को मापने हेतु संकेतक** TKM में प्रत्येक कार्यक्रम के बाद रिपोर्ट-आउट की एक अनूठी पद्धति है। वर्ष की शुरुआत में, सभी कर्मचारी अपने निष्पादन लक्ष्य निर्धारित करते हैं जिनकी समीक्षा पूरे वर्ष यानि-शुरुआत, वर्ष के बीच में तथा वर्ष के अंत में की जाती है। समीक्षा अवधि के दौरान, 100% कर्मचारियों को निष्पादन एवं क्षमता मूल्यांकन के तहत शामिल किया गया था।

प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को उनके निष्पादन में वृद्धि हेतु समान अवसर प्रदान किए जाते हैं। इस अवधि के दौरान 100% महिलाओं को निष्पादन और क्षमता मूल्यांकन से गुजरना पड़ा।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (TKM), बिडदी के टीम सदस्य लिकिथ कुमार वाई.पी. ने विश्व कौशल प्रतियोगिता 2022 (डब्ल्यूएससी 2022) के दौरान प्रोटोटाइप मॉडलिंग कौशल में कांस्य पदक जीतकर पूरे देश को गौरवान्वित किया।

कार्तिक गौड़ा एस.एन. तथा अखिलेश एन. ने जर्मनी में 4 से 7 अक्टूबर, 2022 तक आयोजित विश्व कौशल प्रतियोगिता के दौरान मेकाट्रॉनिक्स कौशल में भारत के लिए कांस्य पदक जीता।

**समुदायों और मूल्य श्रृंखला को सक्षम बनाना:**
स्कूल और कॉलेज के कुल 25,630 छात्रों को xEV प्रौद्योगिकी, लीन सिद्धांत एवं समस्या समाधान जैसे मॉड्यूलों पर प्रशिक्षित किया गया। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से हमने वितरकों, आपूर्तिकर्ताओं को सक्षम बनाया है तथा आंतरिक रूप से एवं उद्योग निकायों के माध्यम से प्रतिस्पर्धी प्रशिक्षण के ज़रिए युवाओं का निर्माण किया है।

**टोयोटा तकनीकी शिक्षा कार्यक्रम (T-TEP):**
T-TEP के माध्यम से हम अत्यधिक कुशल और सक्षम तकनीशियनों को विकसित करते हैं, जो उन्नत प्रौद्योगिकियों और व्यावहारिक प्रशिक्षण का अनुभव रखते हैं।

## कर्मचारी की भागीदारी

हमने टोयोटा मित्र (मोबाइल ऐप्प), पुस्तकालय, सृजनात्मक सुझाव योजना, स्पर्श, स्वास्थ्य क्लब आदि जैसे विभिन्न साधनों और माध्यमों से पूरे वर्ष कर्मचारी की भागीदारी के लिए विभिन्न मंच और अवसर सृजित किए हैं।

**कर्मचारी शिकायत निवारण विधियाँ:** कर्मचारी की शिकायतों को गणना में लेकर, उनका समाधान प्रदान करने के लिए टोयोटा मित्र (मोबाइल ऐप्प) शिकायत मंच, कर्मचारी संबंध अधिकारी, संवाद, प्लांट मानव संसाधन डिपार्टमेंट मीटिंग, समर्पित ईमेल/कर्मचारियों से संवाद, ओपन हाउस आदि जैसे कई विधियाँ स्थापित की गई हैं।

## कार्यस्थल पर सुरक्षा

TKM, प्रतिस्थापन, उन्मूलन एवं इंजीनियरिंग नियंत्रणों का उपयोग करके खतरों की पहचान करने और खतरों का समाधान देने के लिए जोखिम मूल्यांकन करता है। हमने सुरक्षा निष्पादन का मूल्यांकन करने के लिए एक मजबूत "सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली" तथा "सुरक्षा मूल्यांकन प्रणाली" सृजित किया है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान चोट की दर 0.22 है।

**हमारा "TMC सुरक्षा प्रबंधन ढाँचा", अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा मानकों पर आधारित है तथा नियमित रूप से 69 प्रमुख मानकों में सुरक्षा का मूल्यांकन करता है।**

**15,739 कर्मचारी तथा संविदागत श्रमिक आंतरिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा प्रशिक्षित हैं**

सुरक्षा जागरुकता को लगातार बढ़ाने और जनशक्ति को संवेदनशील बनाने हेतु हम पूरे वर्ष में विभिन्न प्रचार गतिविधियों का आयोजन करते हैं। जिनमें से एक है "सुरक्षा माह" समारोह, जिसे प्रति वर्ष मार्च के महीने में मनाया जाता है। वित्त वर्ष 2022-23 में, सुरक्षा महीने का विषय "नवआगंतुकों में शून्य आवर्ती दुर्घटनाएँ" था। इस पहल के माध्यम से, हम ज्ञान वृद्धि, सुरक्षा मानसिकता के विकास, सुरक्षा संवेदना विकास तथा काम से परे सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हैं।



**वैश्विक सुरक्षा पुरस्कार :** TKM ने "सुरक्षित लेआउट, उपकरण और प्रक्रिया (P2 वेल्ड शॉप) के माध्यम से वेल्डिंग शॉप में प्रक्रिया सुरक्षा आश्वासन प्रणाली" विषय के साथ "वैश्विक सुरक्षा पुरस्कार" प्रतियोगिता में भाग लिया और आंध्र प्रदेश क्षेत्र में Safety Kaizen पुरस्कार जीता।

### "Safe Working Height-2023" का शुभारंभ

कर्नाटक सरकार के कारखाने, बॉयलर, औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग (DFBISH) के सहयोग से TKM ने एक नियमावली विकसित की है. DFBISH द्वारा दिनांक 4 मार्च, 2023 को आयोजित 52वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस समारोह के अवसर पर इस नियमावली का शुभारंभ किया गया था।

## व्यावसायिक स्वास्थ्य

TKM ने एक स्थापित व्यावसायिक स्वास्थ्य ढाँचा (OHF) को अपनाया है, जो संगठन की कार्यनीति और प्रबंधन में व्यावसायिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देता है। OHF, व्यावसायिक स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों की सतत पहचान तथा उन्हें कम करने, उत्पादकता बढ़ाने, सुरक्षा में सुधार लाने और कर्मचारियों की भागीदारी को सशक्त बनाने के लिए एक व्यवस्थित दृष्टिकोण प्रदान करता है।

आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना हमारे OH रूपरेखा का एक अभिन्न अंग है। हम हर तीन साल में मनोबल सर्वेक्षण करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि समग्र वातावरण जिसमें कर्मचारी काम करते हैं वह उनके लिए उपयुक्त हो। भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए, "आसरे" नामक एक कार्यक्रम, कर्मचारियों को बिना किसी शुल्क के परामर्शदाताओं से परामर्श करने का अवसर प्रदान करता है और उन कर्मचारियों के विवरण को गोपनीय रखता है।

# उत्तरदायी सोर्सिंग

टोयोटा 'मेक इन इंडिया' का समर्थन करती है और आपूर्तिकर्ताओं को अनुपालन और संपोषणीय विनिर्माण के लिए सशक्त बनाती है। हमारा जोखिम प्रबंधन कार्यक्रम, आपूर्ति श्रृंखला जोखिमों को पहचानता है और उनका समाधान सूचित करता है, जो रोकथाम, त्वरित पहचान एवं आपूर्ति के आधार को प्रबल बनाने पर जोर दिया जाता है. PDCA की बारंबार होने वाली बैठकों में जोखिम हेतु तैयारी और मुद्दे के समाधान पर चर्चा की जाती है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 26 (टियर-I) आपूर्तिकर्ताओं की जाँच की गई।

## आपूर्तिकर्ता विकास कार्यक्रम

वर्ष के दौरान 'एकल-उपयोग प्लास्टिक', नवीकरणीय ऊर्जा बूस्टर सम्मेलन, प्रतिबंधित रासायन, आपूर्तिकर्ता गेनबा (कार्यस्थल) लीडर कार्यक्रम और कार्बन तटस्थता जैसे कई आपूर्तिकता-भागीदार विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**160 आपूर्तिकर्ता कंपनियों से 950 उप-नेता विकसित हुए।**

**उप-नेताओं द्वारा 43,673 आपूर्तिकर्ता भागीदार सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया।**

## आपूर्तिकर्ता भागीदारों को शामिल करना

हम अपने आपूर्तिकर्ता भागीदारों को निम्नांकित के माध्यम से जोड़ा हैं:

- वार्षिक आपूर्तिकर्ता बैठक (ASM).
- अपेक्षा साझाकरण बैठक (ESM).
- व्यावसायिक संचार बैठक (BCM).



Annual Supplier Meet 2023

### स्थानीयकरण को बढ़ावा देना


स्मार्ट मानक क्रियाकलाप (SSA) जैसी कई पहल, क्षेत्रीय विशिष्टताओं को अपनाने तथा स्थानीय शक्ति का उपयोग करने में सक्षम बनाती हैं।

**स्थानीयकृत संघटकों का प्रतिशत 82% से 87% तक बढ गया है तथा इंजन एवं पारेषण पुर्जों के लिए प्रतिशत 53% से 76% तक बढ गया है।**

## आपूर्तिकर्ता भागीदारों द्वारा Kaizen (छोटे और निरंतर सुधार) लागू किए गए

वर्ष के दौरान आपूर्तिकर्ता भागीदारों द्वारा जल जोखिम, अपशिष्ट में कमी तथा CSR के लिए विभिन्न Kaizen लागू किए गए।

**प्लास्टिक पैकेजिंग सामग्री में कमी [टन]**






अक्षय पात्रा फाउंडेशन को मध्याह्न भोजन का वितरण

**परिणाम – RE पहल**

**26 आपूर्तिकर्ता**

80% से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में सफलतापूर्वक परिवर्तित हो गए हैं

**स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं से पुर्जों, संघटकों और माल परिवहन प्रापण हेतु वित्त वर्ष 22-23 के दौरान अनुमानित खर्च का अनुमान 59,160 मिलियन है।**

**परिणाम- कार्बन तटस्थता**


| 65% | 15.62% | 960 K Tons |
|---|---|---|
| हमारे टियर-1 आपूर्तिकर्ता भागीदार के 65% नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बढ़ रहे हैं | वित्त वर्ष 2022-23 के लिए हमारे निर्धारित लक्ष्य 14.5% की तुलना में 15.62% $CO_2$ में कमी हासिल की गई | वित्त वर्ष 2022-23 के लिए हमारे निर्धारित लक्ष्य 960 हजार टन की तुलना में 960 हजार टन $CO_2$ में कमी हासिल की गई |

# ग्राहक मूल्य का सृजन

"सभी के लिए सामूहिक खुशी" का माहौल सृजित करने का हमारा लक्ष्य, हमारे ग्राहकों के साथ व्यवहार करने के तरीके से स्पष्ट है। यह न केवल हमारी भविष्य की कार्यनीति का मार्गदर्शन करता है, बल्कि उन कदमों को भी प्रभावित करता है जो हमें उन्हें एक अद्भुत अनुभव देने के लिए उठाने चाहिए।

## दिल छूने वाला अतिथि अनुभव (HTGE)

हमारे "ग्राहक-प्रथम" दृष्टिकोण के अनुरूप, हमने उनकी अपेक्षाओं को समझने और उन्हें पूरा करने के उद्देश्य से कई पहलों की शुरुआत की हैं। ऐसी ही एक अवधारणा, HTGE, हमें मेहमानों की जरूरतों का अनुमान लगाने, विवरणों पर ध्यान देने और अपने मेहमानों का आतिथ्य करने में मदद करती है। जिन चैनलों के माध्यम से हम ग्राहकों के दृष्टिकोण में अंतर्दृष्टि प्राप्त करते हैं, उनमें केंद्रीकृत कॉल सेंटर और GX-360 सर्वेक्षण के माध्यम से ग्राहक निवेदन/माँग, फीडबैक एवं शिकायत प्रबंधन तथा ग्राहक सर्वेक्षण प्रशासन शामिल हैं।




## शिकायत निपटान प्रक्रिया

हमने शिकायत निपटान प्रक्रिया के 7 चरण तैयार किए हैं, जो हमें ग्राहकों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाते हैं। यह हमें अपनी स्वयं की प्रक्रिया पर विचार करने और यह सुनिश्चियन में सुधार करने का अवसर प्रदान करता है कि ग्राहकों को सभी स्पर्श-बिंदुओं पर सर्वोत्तम अनुभव मिले।

## मन की शांति सुनिश्चित करना

**विस्तारित वारंटी :** टोयोटा ने ग्राहकों को वाहन की खरीद की तारीख से 5 साल/2,20,000 किलोमीटर तक वाहन की वारंटी बढ़ाने का विकल्प प्रदान किया है।

**स्माइल प्लस :** हमने एक प्रीपेड आवधिक अनुरक्षण सेवा पैकेज "स्माइल प्लस" बनाया है, जिसके माध्यम से ग्राहक, पैकेज खरीदने के स्थान के अलावा पूरे भारत में किसी भी टोयोटा डीलरशिप परिसर से सेवाएँ प्राप्त कर सकते हैं।

## वाहनों की सुरक्षा

वाहनों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। एक ऐसा समाज बनाने के लिए जहाँ गतिशीलता सुरक्षित हो, टोयोटा का मानना है कि लोगों, वाहनों और यातायात वातावरण को शामिल करते हुए एक एकीकृत त्रि-आयामी दृष्टिकोण लागू करना महत्वपूर्ण है, साथ ही वास्तविक दुर्घटनाओं से सीख लेकर और उस ज्ञान को वाहन विकास में समाविष्ट करते हुए वास्तविक दुनिया की सुरक्षा प्राप्त करना महत्वपूर्ण है। हमने सक्रिय सुरक्षा, निष्क्रिय सुरक्षा और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को शामिल करते हुए एकीकृत सुरक्षा प्रबंधन अवधारणा तैयार की है।

# डिजिटलीकरण (डीएक्स)

TKM ने तीन क्षेत्रों - कारखाना, कार्यालय और ग्राहक+कार के संबंध में तकनीकी लाभों का फायदा उठाने हेतु अपने कार्यों में डिजिटल रुपांतरण (DX), लागू करने के लिए संरचित प्रयास किए हैं। हमारी DX यात्रा परिभाषित गतिविधियों के एक समूह के साथ अच्छी तरह से संरचित दृष्टिकोण से प्रेरित है और TKM शीर्ष प्रबंधन और क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा समर्थित क्रॉस-फंक्शनल टास्कफोर्स समिति द्वारा संचालित है।

### DX यात्रा रुपरेखा
### गतिविधियों के निष्पादन हेतु वर्टिकल्स एवं क्षैतिज में सहायककर्ता

**कारखाना**

व्यापक विषयवस्तु : SMARTkm

संवेदनशील : तार्किक रूप से अनुकूलनीय

आधुनिक : उद्योग में नवीनतम

चुस्त : विस्तार योग्य/प्रबंध योग्य

प्रासंगिक : प्रक्रिया के लिए उपयुक्त

प्रौद्योगिकी

**कार्यालय**

व्यापक विषयवस्तु

सू.प्रो. : दक्षता और अनुभव

मा.सं. : DigiTKM बनें

**ग्राहक+कार**

व्यापक विषयवस्तु

HanSaChu

[विक्रय, सर्विस और Ucar]

# सामाजिक उत्तरदायित्व

## हमारा दूरदृष्टि

"सामाजिक रूप से एक प्रतिबद्ध संगठन बनना, जो प्रकृति के साथ सद्भाव से जीवंत समुदायों के निर्माण में लगा हुआ है, जिसका लक्ष्य भारत में सबसे प्रशंसित कंपनी बनना और ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करना तथा मुस्कुराहट से पुरस्कृत होना।"

हमारा CSR तत्त्वज्ञान दो-आयामी दृष्टिकोण द्वारा निर्देशित है, जो UNSDG एवं निवल शून्य उत्सर्जन की दिशा में भारत के लक्ष्यों को साकार बनाने में समग्र विकास हासिल करने हेतु समुदायों को सशक्त बनाने तथा पर्यावरण को समृद्ध करने पर केंद्रित है। CSR समिति प्रभावी और सार्थक तरीके से CSR तत्त्वज्ञान के कार्यान्वयन का मार्गदर्शन और निगरानी करती है।

CSR तत्त्वज्ञानों द्वारा सृजित प्रभावों का पता लगाने हेतु हम नियमित रूप से तीसरे पक्ष के प्रभाव मूल्यांकन आयोजित करते हैं। कमियों की पहचान की जाती है और सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है। हमारी वेबसाइट और हमारी रिपोर्टों के माध्यम से सभी हितधारकों को शिक्षा आसानी से उपलब्ध है।

## हमारी सीएसआर पहल

### शिक्षा

**प्रारंभिक बचपन की देखभाल और शिक्षा**

•टोयोटा आंगनवाड़ी विकास कार्यक्रम (TADP)

•आंगनवाड़ियों को शिक्षण अधिगम सामाग्री (TLM) का वितरण

**शिक्षा आधुनिकीकरण**

•शिक्षा आधुनिकीकरण की बुनियादी ढाँचा

**विशिष्ट आवश्यकता वाली शिक्षा**

•दिव्यांग बच्चों के लिए सहायता।

### कौशल विकास

**क्षेत्रीय फोकस**

•टोयोटा शिक्षा और कौशल संवर्धन (TESP)

### स्वास्थ्य एवं स्वच्छता माध्यमिक

**स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को रूपांतरित करना**

•सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC)

**विद्यालय स्वास्थ्य कार्यक्रम**

•टोयोटा शाले आरोग्य कार्यक्रम (TSAP)

**स्वच्छ जल तक पहुँच के माध्यम से जनता की स्वास्थ्य को बेहतर बनाना**

•जल शोधन इकाइयाँ

### पर्यावरण

**पर्यावरण शिक्षा के लिए अनुभवात्मक शिक्षा**

• इकोज़ोन

## कर्मचारी स्वयंसेवा

**ICARE** का लक्ष्य समुदायों के साथ हमारे कर्मचारियों का संबंध मजबूत बनाना है. ICARE के तहत, कर्मचारियों और उनके परिवारों को अपने आसपास के समुदायों में सक्रिय रूप से योगदान देने और समुदाय के सदस्यों के जीवन में रूपांतरित बदलाव लाने का अवसर मिलता है।

वित्त वर्ष 22-23 के दौरान, ICARE द्वारा लिए गए पहल ने तीन एडिशनों पर उल्लेखनीय प्रकाश डाला है, जो जीवंत शिक्षण स्थान सृजित करने, दृष्टिबाधित छात्रों को सशक्त और सुशिक्षित बनाने तथा सरकारी विद्यालयों के बच्चों के लिए आकर्षक विज्ञान मॉडल तैयार करने पर केंद्रित थे। इस वर्ष 26वीं ICARE पर्यावरण क्रियाकलाप रहा।

# संचयी सामाजिक पहुँच

Touched lives of 21,71,361 community members. During FY 22-23, impacted lives of 93,866 community members.

### Education

**Total Outreach: 1,32,980**

- 1,14,899 students in 1,656 schoolsprovided with learning aid
- 5,571 students benefitting from modernization of 14 government schools
- 30 anganwadi centers were developed as model centers benefitting 835 students

### Skill Development

**Total Outreach: 1,805**

- Strengthening 1,805 students in 11 GTTCs and 25 ITIs

### Health & Hygiene

**Total Outreach: 11,16,365**

- 3,32,870 community members provided access to safe drinking water from 48 water purification units installed in 297 villages
- 1,20,000 villagers benefitting from construction of CHC at Bidadi
- 26,005 students from 332 schools reached through awareness camps and health checkups
- 4,82,406 students and community members reached through ABCD programme

### Environment

**Total Outreach: 45,529**

- 30,019 students visited Ecozone till date
- 8,000 villagers from 6 villages benefitted from lake rejuvenation
- 3,740 students benefitted from Green Me programme
- 1,600 community members from 10 villages benefitted from solid waste management initiative

### iCARE

**Total Outreach: 63,150**

- 1,758 Volunteers
- 25 volunteering events conducted

# उत्कृष्टता प्रदान करना.
# निरंतर. स्थाई.

Contributing to Economic Progress

Delivering high-quality products and services

Integrating Sustainability in Design

Building Resilient and Sustainable Communities




Building a Sustainable Value Chain

Steering through Strong Governance and Leadership

Embodying Environmental Conservation

## हम टोयोटा किर्लोस्कर मोटर हैं

हमारा उद्देश्य है "सभी के लिए व्यापक खुशी" उत्पन्न करना

TOYOTA


**टोयोटा किर्लोस्कर मोटर प्राइवेट लिमिटेड**

प्लॉट संख्या 1, बिडदी औद्योगिक क्षेत्र, बिडदी, रामनगर जिलाए पिनकोड : 562 109. कर्नाटक, भारत,

ईमेल: sustainability@toyota-kirloskar.co.in | www.toyotabharat.com


---

*Scan the QR Code to read the full report:*